Regarding need to promote MICE tourism in Jabalpur, Madhya Pradesh-Laid

श्री आशीष दुबे (जबलपुर) : हम सभी के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है, कि भारत MICE पर्यटन के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभर रहा है, सरकार MICE उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नीतियाँ बना रही है एवं बुनियादी ढाँचे का विकास कर रही है, गुजरात जैसे राज्य में MICE पर्यटन को आकर्षित करने के लिए वित्तीय प्रोत्साहन और सब्सिडी प्रदान करने का सफल प्रयोग हुआ l मैं सरकार से मध्य प्रदेश राज्य के जबलपुर को MICE पर्यटन केंद्र बनाए जाने का निवेदन करता हूँ l जबलपुर शिक्षा का एक बड़ा केंद्र होने के साथ साथ व्यावसाय एवं पर्यटन का भी बड़ा केंद्र हैं l अतः जबलपुर में केंद्र बनने से मध्य प्रदेश के साथ छत्तीसगढ़, एवँ महाराष्ट्र प्रदेश के लोग भी लाभान्वित होंगे l इस क्षेत्र में MICE पर्यटन के विकास से यहां का आर्थिक विकास होगा, होटल एवं खानपान सहित पूरे सर्विस सैक्टर एवं अन्य सेवा प्रदाताओं के लिए अवसर उत्पन्न होंगे जिससे राजस्व उत्पन्न होगा, यह विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों को एक साथ लाने सहित नेटवर्किंग और व्यावसायिक सहयोग बढ़ेगा, ज्ञान का आदान-प्रदान होगा एवं रोजगार सृजन भी होगा l कृपया जबलपुर में MICE पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विशेष योजना पर सरकार विचार करे l